# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 23 मार्च, 2015/2 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 38**

----

### अवैध खनन

*1665 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिलाई व पांवटा विधान सभा चुनाव क्षेत्र में क्या चूना पत्थर का अवैध खनन हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो गत एक वर्ष में दोषियों को कितना-कितना जुर्माना किया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

### Polytechnic College

*1666 **Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Polytechnic College Building is proposed to be constructed at Kukumseri but no place has been selected till date; and

(b) by when the classes will start and staff provision be made ?

----

## हवाई पट्टियों का विस्तार

***1667 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने क्या गगल व जुब्बड़हट्टी हवाई पट्टियों के विस्तार की कोई योजना प्रस्तावित की है; और

(ख) यदि हां, तो कब और इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## Veterinary Dispensaries

***1668 Shri Mohan Lal Brakta (Rohru):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Veterinary Dispensaries have been opened till 15-02-2015 in Rohru Constituency;

(b) out of these how many have its own buildings and how many are running in private accommodation;

(c) whether the Department has received any proposal to open new Veterinary Dispensaries or veterinary hospital in the Rohru Constituency; if yes, details be given; and

(d) how many posts of various categories including veterinary doctors are lying vacant in the Constituency?

----

## भाम्बला में बस अड्डा निर्माण

***1669 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या लोअर भाम्बला में यात्री बसों की अधिकता व औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण नया बस अड्डा बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## प्राथमिक पाठशालाएं

*1670 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन) :**
**श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज) :**
**श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी प्राथमिक पाठशालाएं हैं; इनमें से कितनी पाठशालाएं ऐसी हैं जिनमें 5 या इससे कम और 10 से कम विद्यार्थी हैं; ब्यौरा खण्डवार दें;

(ख) इन पाठशालाओं में कितने-कितने शिक्षक कार्यरत हैं; और

(ग) प्रदेश में कितनी ऐसी प्राथमिक पाठशालाएं हैं जहां मात्र एक ही शिक्षक है; ब्यौरा शिक्षा खण्डवार दें?

----

## विद्युत मण्डल में कार्य का आबंटन

*1671 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो वर्षों में विद्युत मण्डल बैजनाथ में कितनी Three Phase लाइनें बिछाई गई तथा किस-किस ठेकेदार को काम दिया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में कितने नए Transformer लगाए गए तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों का निर्माण

*1672 **डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत किन-किन सड़कों का निर्माण हो रहा है; और

(ख) गत तीन वर्षों में कितना धन इन सड़कों के निर्माण हेतु प्रावधित था और इसमें से कितना व्यय किया गया; ब्यौरा वर्षवार दें ?

----

## दशहरा/शिवरात्रि उत्सव हेतु अनुदान

***1673 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार ने कुल्लू दशहरा और मण्डी की शिवरात्रि के उत्सव हेतु कितना-कितना अनुदान दिया; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक कितनी धनराशि दुकानदारों को प्लॉट देकर व विभिन्न विभागों द्वारा पर्चियां काट कर प्राप्त की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि के दौरान इन उत्सवों से प्राप्त राशि किन-किन देवताओं को दी गई और शेष राशि का आबंटन किस आधार पर किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## बस अड्डा निर्माण

***1674 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या बद्दी में नये बस स्टैण्ड बनाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा और किस एजेन्सी द्वारा किया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ग) इसके लिए कितनी भूमि अधिग्रहण की गई और क्या यह विभाग के नाम कर दी गई है ?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्गों हेतु धनराशि की स्वीकृति

***1675 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2013-14 व 2014-15 के दौरान केन्द्र से राष्ट्रीय उच्च मार्गों के रख-रखाव (मरम्मत) व नए मार्गों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा राष्ट्रीय उच्च मार्गवार दें ?

----

## उद्योगों की स्थापना

*1676 **श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों को विकसित व नये उद्योग स्थापित करने के लिए क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश में उद्योग लगाने पर कौन-कौन सी रियायतें दी जाती हैं;

(ग) उद्योगों को मिलने वाली ट्रांसपोर्ट सब्सिडी केन्द्र सरकार ने क्या बन्द कर दी है; और

(घ) यदि हां, तो उसको पुनः चालू करने के लिए क्या पग उठाए जा रहे हैं ?

----

## पर्यटन विभाग द्वारा धनराशि का व्यय

*1677 **श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 2008 से वर्ष 2012 तक जिला ऊना में पर्यटन विभाग द्वारा कितनी धनराशि खर्च की गई; और

(ख) इस धनराशि से कौन-कौन सी सुविधाएं कहां-कहां पर दी गई; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें ?

----

## पंचायत प्रतिनिधियों का निलम्बन

*1678 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गत दो वर्षों में कितने पंचायत प्रधान, बी0डी0सी0 सदस्य व जिला परिषद् सदस्य विभिन्न कारणों से निलम्बित किए गए; जिलावार ब्यौरा दें ?

----

## सराहां-चण्डीगढ़ सड़क

*1679 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में सराहां-चण्डीगढ़ सड़क के निर्माण का कितना कार्य हो चुका है तथा कितना शेष है तथा इसकी DPR के अनुसार सड़क में क्या-क्या कार्य किए जाने थे; और

(ख) इस सड़क के निर्माण के लिए कितने बजट का प्रावधान किया गया था और सरकार इस निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है ?

----

## Institute Development Fee

*1680 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि I.T.I. में छात्रों से Institute Development Fee ली जाती है; यदि हां, तो कितनी तथा इसका उपयोग किस कार्य के लिए किया जाता है; और

(ख) इस फीस की राशि को क्या I.T.I. Teachers को पढ़ाने के लिए दिया जाता है; या कभी दी गई है; यदि हां, तो क्या नियमों में इसका प्रावधान है ?

----

## साहसिक खेलों का आयोजन

*1681 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों के मनोरंजन तथा स्वरोज़गार के लिए साहसिक खेलें आयोजित की जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो कहां-कहां और कौन-कौन सी खेलें सरकार/स्थानीय संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाती हैं; ब्यौरा नाम व स्थान सहित दें; और

(ग) सरकार द्वारा इन खेलों के संचालन के लिए क्या-क्या नियम बनाये गये हैं; प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## पर्यटन विकास

*1682 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में जिला सिरमौर में पर्यटन विकास के लिए किस-किस स्थान के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में जिला सिरमौर में पर्यटन विकास के लिए कौन-कौन से प्रारूप बनाये गए व किस-किस संस्था को धन की उपलब्धता के लिए भेजे गए या भेजे जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) Asian Development Bank से जिला सिरमौर में पर्यटन विकास के लिए कितनी धनराशि, किस-किस मद में किस-किस स्थान के लिए प्राप्त हुई है; ब्यौरा दें ?

----

## बुल्डोज़र से सड़क को नुकसान

***1683 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश की सड़कों से बर्फ हटाने के लिए डी-बुल्डोज़र लगाने से सड़कों की मैटलिंग/टारिंग उखड़ जाती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार बर्फ हटाने के लिए डी-बुल्डोज़र के बजाए किसी और विकल्प पर विचार करेगी ?

----

## Vacancy Position

***1684 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of all categories are sanctioned in Government Degree College Salooni; and

(b) how many posts of all categories are lying vacant and since when ?

----

## करूणामूलक आधार पर रोज़गार

***1685 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य, लोक निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं वन विभाग में कितने पात्र व्यक्तियों ने करूणामूलक आधार पर नौकरी के लिए आवेदन किए हैं; विवरण नाम व पते सहित दें; और

(ख) इन आवेदकों में से कितनों को सरकारी नौकरी मिली और कितने शेष बचे हैं; ब्यौरा दें?

----

## मिनी सचिवालय की अद्यतन स्थिति

*1686 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में सुजानपुर में निर्माणाधीन मिनी सचिवालय की वस्तुस्थिति क्या है;

(ख) इस भवन की ज़मीन क्या विभाग के नाम स्थानान्तरित हो गई है; और

(ग) भवन के निर्माण हेतु कितना बजट प्रावधान है ?

----

## Resurfacing of Roads

*1687 **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government is proposing to review the present 20mm thick annual resurfacing coat on the existing roads to 32mm to 40mm;

(b) what is the life of the present resurfacing coat of 20mm; and

(c) whether it provides the smooth riding quality ?

----

## Government Book Depot Lahaul

*1688 **Shri Ravi Thakur (Lahaul and Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Lahaul had Government book depot where the syllabus books of Government schools were available till 2008;

(b) why the book depot has been closed now; and

(c) by when Government proposes to open Book Depot again in public Interest ?

----

## एन0 सी0 सी0 यूनिट खोलना

*1689 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के कितने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में एन0 सी0 सी0 के यूनिट्स चल रहे हैं; ब्यौरा पाठशालाओं के नाम सहित दें; और

(ख) सरकार क्या शेष पाठशालाओं में भी एन0 सी0 सी0 यूनिट्स खोलने पर विचार करेगी ?

----

## विश्राम गृह/निरीक्षण हटों की मरम्मत

*1690 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में व प्रदेश के बाहर विभिन्न विभागों, निगमों/बोर्डों व स्वायत्तशासी संस्थानों के विश्राम गृह, निरीक्षण हट कहां-कहां पर हैं तथा उनमें कितनी-कितनी आवास सुविधा उपलब्ध है; ब्यौरा विश्राम गृह/निरीक्षण हटवार दें; और

(ख) दिनांक 25 दिसम्बर, 2012 से 15 फरवरी, 2015 तक उक्त विश्राम गृहों, निरीक्षण हटों की मरम्मत हेतु कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा अलग-अलग दें?

----

## आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र जसाई

*1691 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला हमीरपुर के अन्तर्गत आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र जसाई का भवन बनकर तैयार हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र जसाई कब इस भवन से कार्य करना प्रारम्भ करेगा ?

----

## पठानकोट-चक्की-मण्डी राष्ट्रीय उच्च मार्ग

*1692 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) पठानकोट से चक्की-मण्डी राष्ट्रीय उच्च मार्ग का कार्य कब तक पूरा कर दिया जाएगा; और

(ख) दिनांक 15-02-2015 तक इस पर कितना व्यय किया गया है तथा कितने पुल निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा दें?

----

## प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई

*1693 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जिला मण्डी के अन्तर्गत धर्मपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत घनाला के प्रधान को न्यायालय के आदेशानुसार पद से हटा दिया है; और

(ख) यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय

*1694 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय कालूझण्डा में विभिन्न श्रेणियों के कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं; ब्यौरा पद सहित दें और इनमें कितने हिमाचली व गैर-हिमाचली हैं ?

----

## सड़कों का निर्माण

*1695 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो वर्षों में प्रदेश में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कें स्वीकृत की गई; ब्यौरा मण्डलवार सड़क के नाम सहित दें;

(ख) इस अवधि के दौरान कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण व कितने किलोमीटर मैटलिंग/टारिंग की गई; ब्यौरा मण्डलवार सड़क के नाम सहित दें; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत मण्डलवार कितना-कितना धन आबंटित किया गया ?

----

## मण्डल कार्यालय की स्थापना

*1696 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग का मण्डल कार्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार क्या खराब पड़ी मशीनरी की मरम्मत करने के लिए पग उठा रही है ?

----

## रिक्त पद

*1697 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय उच्च विद्यालय सिरमौरी मन्दिर में शास्त्री का पद रिक्त है क्योंकि यहां से शास्त्री को deputation पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगर-धरयार भेजा गया है और कांगर-धरयार से deputation पर राजकीय उच्च विद्यालय Surla-Janot भेजा गया है; यदि हां, तो deputation से deputation पर किसके आदेश से भेजा गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अध्यापक का deputation कब से कब तक के लिए किया गया है ?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

*1698 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में बिजली विभाग में वृत्तशः कितने पद कनिष्ठ अभियन्ता, फोरमैन, टी-मेट, लाइनमैन और सहायक लाइनमैन के रिक्त हैं और इन्हें कब तक भर दिया जाएगा;

(ख) इनमें से कौन-कौन से पद सर्कल कैडर के हैं; और

(ग) सरकार क्या सर्कल कैडर के रिक्त पदों को सर्कल में ही उपलब्ध व्यक्तियों से भरने पर विचार करेगी, ताकि दुर्गम क्षेत्रों में रिक्तियां भरी जा सके ?

----

## Composite Environment Management Plan

***1699 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि मनाली, कुल्लू, भून्तर, मणिकरण, कसोल के लिए पर्यावरण विभाग द्वारा कोई Composite Environment Management Plan तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ?

----

## शिक्षण संस्थानों में रिक्तियां

***1700 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जिला सिरमैार में शिक्षा विभाग में प्राथमिक पाठशाला से लेकर कॉलेज स्तर तक, चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रिंसिपल तक व लिपिकीय काडर सहित कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार स्वीकृत एवं रिक्त पदों का अलग-अलग दें ?

----

## विश्राम गृह का निर्माण

***1701 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग देहा व चौपाल के मध्य विश्राम गृह बनाने का विचार रखती है ?

----

## शारीरिक/कला अध्यापकों की भर्ती

***1702 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 01.12.2014 से 15.02.2015 तक प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशानुसार शारीरिक व कला अध्यापकों के कितने पद भरे गए हैं; और

(ख) इनमें से कितने पद बैचवाईज और कितने Screening Test के माध्यम से भरे गए और क्या इनकी भर्ती में रोस्टर प्रणाली को अपनाया गया; ब्यौरा दें?

----

**शिमला : 171004.** | **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 7 मार्च, 2015.** | **सचिव।**